**Ref. No. CS/S/L-843/2024-25** **5th February, 2025**

| To: | To: |
|---|---|
| The Listing Department<br>**NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED**<br>"Exchange Plaza"<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (E ), Mumbai – 400 051<br>**Scrip Code: VMART**<br>Fax: 022-26598120<br>Email: cmlist@nse.co.in | The Corporate Relationship Department<br>**THE BSE LTD**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br>**Scrip Code: 534976**<br>Fax: 022-22723121<br>Email: corp.relations@bseindia.com |

**Sub: Copies of the Newspaper Publication**

Dear Sir/Ma'am,

Please find enclosed herewith the copy of the newspaper publication of the unaudited financial results of the Company for the third quarter and nine months ended on December 31, 2024 as published in terms of the Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended, on Wednesday, 5th February, 2025 in "Business Standard" English and "Business Standard" Hindi newspapers.

This information will also be made available on the Company's website at www.vmart.co.in.

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You,

Yours Truly
**For V-Mart Retail Limited**

MEGHA TANDON
Digitally signed by MEGHA TANDON
Date: 2025.02.05 12:13:58 +05'30'

**Megha Tandon**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above

JKcement
A SOLID LEGACY OF TRUST

## JK Cement Limited

CIN No. : L17229UP1994PLC017199
Registered Office : Kamla Tower, Kanpur-208 001 (U.P.)
Ph. : +91 512 2371478 to 81 | Fax : +91 512 2399854/ 2332665
website: www.jkcement.com | e-mail: shambhu.singh@jkcement.com

**CORRIGENDUM**

JK Cement published advertisement in leading newspapers on 26/27th January, 2025 regarding the extract of the un-audited consolidated and standalone financial results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2024. Pursuant to the provision of Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulation 2015 as amended, please find below the Quick Response (QR) Code and the details of the web page where the financial result is accessible to the investors.

Details of the web page: **https://www.jkcement.com/wp-content/uploads/2025/01/OutcomeBM25012025.pdf**

For JK Cement Ltd.
Sd/-
Shambhu Singh
Company Secretary and Compliance Officer

Place : Kanpur
Date : 04.02.2025



## JK URBANSCAPES DEVELOPERS LIMITED

**(formerly known as J. K. Cotton Limited)**
**CIN: U17111UP1924PLC000275**
**Phone: +011-40823322 Email: swati.srivastava@jkorg.co.in**
**website: www.jkurbanscapes.com**
**Registered Office & Head Office: Kamla Tower, Kanpur- 208001 Uttar Pradesh**

**POSTAL BALLOT NOTICE**

Members of JK Urbanscapes Developers Ltd. ("the Company") are hereby informed that pursuant to Section 108 and Section 110 of the Companies Act, 2013, (the "Act"), read together with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, General Circulars No. 14/2020 dated April 8, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 20/2020 dated May 05, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020, December 31, 2020, No. 02/2021 dated January 13, 2021, No. 10/2021 dated June 23, 2021, No.20/2021 dated December 8, 2021, No.03/2022 dated May 5, 2022, No. 11/2022 dated December 28, 2022, No. 09/2023 dated September 25, 2023 and No. 09/2024 dated September 19, 2024 issued by the Ministry of Corporate Affairs (the "MCA Circulars"), and other applicable provisions, including any statutory modification or reenactment thereof for the time being in force, the Company will seek approval of the Members by way of Postal Ballot Process (Remote E- Voting) in respect of the Resolution as specified in the Postal Ballot Notice dated February 01, 2025 along with explanatory statement thereto as required under the provisions of section 102 read with section 110 of the Companies Act, 2013.

In accordance with the aforesaid Circulars, the Notice of Postal Ballot will be sent only by electronic mode to those Members whose e-mail addresses are registered with the Depository Participant ('DP') or the Company or Company's Registrar and Share Transfer Agent ("RTA") viz Alankit Assignments Limited. These documents will also be available on the website of the Company at **www.jkurbanscapes.com**, on website of Central Depository Services (India) Ltd (CDSL) at **www.evotingindia.com**.

The Company would be providing remote e-voting facility to its members to enable them to cast their votes on the resolution set out in the Notice of the Postal Ballot. The Company has engaged the services of CDSL for providing this facility to the Members. Detailed instructions in this regards will form part of the Notice of the Postal Ballot.

The Members whose e-mail addresses are not registered with the DPs or the Company or RTA, are requested to register their e-mail addresses by following the instructions below:

1. **For Physical shareholders-** Please provide necessary details like Folio No., Name of Shareholder, scanned copy of the Share Certificate (front and back), PAN (self attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self attested scanned copy of Aadhar card) by email to Company/RTA email id at swati.srivastava@jkorg.co.in or rta@alankit.com respectively.
2. **For Demat shareholders -**Please update your email id and mobile no with your respective depository participant (DP) which is mandatory while remote e-voting.

**By order of the Board**
**Sd/-**
**Swati Srivastava**
**Company Secretary**
**(Membership No.: 48654)**

**Place: Kanpur**
**Date: 04.02.2025**






**Extract of unaudited financial results for the third quarter and nine months ended 31st December 2024**

₹ in lakhs (except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) |
| 1 | Total Income | 1,03,011 | 66,274 | 90,208 | 2,48,357 | 2,13,352 | 2,80,655 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6,974 | (5,799) | 3,688 | 2,107 | (7,851) | (13,050) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6,974 | (5,799) | 3,688 | 2,107 | (7,851) | (13,050) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7,163 | (5,651) | 2,823 | 2,726 | (5,784) | (9,676) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 7,153 | (5,849) | 2,817 | 2,534 | (5,857) | (9,612) |
| 6 | Paid up equity share capital (face value of ₹10 per share each) | 1,980 | 1,979 | 1,978 | 1,980 | 1,978 | 1,978 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | | 72,721 |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹10/- each) (not annualized) | | | | | | |
| | (a) Basic (₹) | 36.18 | (28.57) | 14.28 | 13.77 | (29.25) | (48.93) |
| | (b) Diluted (₹) | 35.82 | (28.57) | 14.20 | 13.63 | (29.25) | (48.93) |

**Note:**

**The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of quarterly financial results is available on the Stock Exchanges websites - www.nseindia.com/www.bseindia.com and on the Company's Website - www.vmart.co.in.**

**The financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind -AS') as notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as specified in section 133 of the Companies Act, 2013.**

**The said financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 4th February, 2025**

**For and on behalf of the Board of Directors of V-Mart Retail Ltd.**
**Sd/-**
**Lalit Agarwal**
**Managing Director**
**DIN: 00900900**

**Place:** Gurugram
**Date:** 4th February, 2025

## V-MART RETAIL LIMITED

**Regd. Off.-** 610-611, Guru Ram Das Nagar, Main Market, Opp. SBI Bank, Laxmi Nagar, New Delhi - 110092
**Corporate Off. -** Plot No. 862, Udyog Vihar, Industrial Area, Phase - V, Gurugram -122016
**Tel.:** 0124-4640030; **Fax:** 0124-4640046; **Email:** cs@vmart.co.in; **Website:** www.vmart.co.in; **CIN-** L51909DL2002PLC163727



## DREDGING CORPORATION OF INDIA LIMITED

**CIN No:L29222DL1976PLC008129**
**R.O:** Core-2, 1st Floor, "Scope Minar", Plot No.2A & 2B, Laxmi Nagar District Centre, Delhi-110091.
**H.O:** "Dredge House", HB Colony Main Road, Seethammadhara, Visakhapatnam - 530022.
**E-mail ID:** kalabhinetri@dcil.co.in
**Tel. No. -** 0891-2523250; **Fax. No. -** 0891- 2560581; **Website :** www.dredge-india.com

**Extract of Standalone un-audited Financial Results for the quarter ended 31st December, 2024.**

***(Rs. In Lakhs)***

| S. No. | Particulars | Quarter ended 31/12/2024 | Quarter ended 31/12/2023 | Nine Months ended 31/12/2024 | Nine Months ended 31/12/2023 | Year ended 31/03/2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 32443.90 | 26541.76 | 67973.18 | 66761.13 | 94550.08 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 1836.24 | 2770.55 | (6790.19) | 6162.68 | 3831.74 |
| 3. | Net Profit(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1676.63 | 2770.55 | (4719.00) | 6083.27 | 3752.33 |
| 4. | Net Profit(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1605.67 | 2722.55 | (4885.40) | 5915.28 | 3568.38 |
| 5. | Total comprehensive Income for the period (comprising Profit/Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) | 1605.67 | 2722.55 | (4885.40) | 5915.28 | 3436.25 |
| 6. | Equity share capital | 2800.00 | 2800.00 | 2800.00 | 2800.00 | 2800.00 |
| 7. | Reserves(excluding Revaluation Reserves) | | | 117844.82 | 145084.75 | 123560.22 |
| 8. | Net worth | | | 120644.82 | 147884.75 | 126360.22 |
| 9. | Long term debt to working capital | | | (2.42):1 | 3.49:1 | (1.74):1 |
| 10. | Debt Equity ratio | | | 0.5:1 | 0.30:1 | 0.34:1 |
| 11. | Earnings Per share (EPS) (in Rs.) | | | | | |
| | a. Basic | 5.73 | 9.72 | (17.45) | 21.13 | 12.27 |
| | b. Diluted | 5.73 | 9.72 | (17.45) | 21.13 | 12.27 |
| 12. | Debt Service coverage ratio | | | 0.61:1 | 1.57:1 | 1.46:1 |
| 13. | Interest Service coverage ratio | | | 2.82:1 | 11.47:1 | 8.51:1 |

**Note:**

**1.** The above is an extract of the detailed format ofquarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the same is available on the Stock Exchange websites: www.nseindia.com, www.bseindia.com, www.cseindia.com and on the company's website – www.dredge-india.com.

**2.** For the items referred to in sub-clauses (a), (b), (d) and (e) of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to Mumbai Stock Exchange and can be accessed on www.bseindia.com and on the company's website – www.dredge-india.com.

**By order of the Board**
**For Dredging Corporation of India Limited**
**sd/-**
**(Shri.Durgeshkumar Dubey,IRTS)**
**Managing Director & CEO (A/c)**

**Place: Bhubaneswar,**
**Date: 03-02-2025.**



## MISHRA DHATU NIGAM LIMITED

MIDHANI

**(A Government of India Enterprise) (CIN:L14292TG1973GOI001660)**
**Registered & Corporate Office: PO Kanchanbagh, Hyderabad-500058**
**Phone: 040-24184515, Website: www.midhani-india.in, E-mail: company.secretary@midhani-india.in**

**"EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED ON DECEMBER 31, 2024"**

**A. Standalone Results** (₹ in Lakh except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended | | Period ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 (UnAudited) | 31.12.2023 (UnAudited) | 31.12.2024 (UnAudited) | 31.12.2023 (UnAudited) | 31.03.2024 (Audited) |
| 1 | Total Income from operations | 23,796.64 | 25,197.53 | 66,353.86 | 66,717.85 | 1,07,267.45 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax, exceptional items and/or extraordinary items) # | 3,599.63 | 1,891.73 | 7,887.81 | 6,628.73 | 13,095.95 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items and/or extra ordinary items)# | 3,599.63 | 1,891.73 | 7,887.81 | 6,628.73 | 13,095.95 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items and/or extra ordinary items) # | 2,526.65 | 1,248.74 | 5,392.46 | 4,488.41 | 9,126.32 |
| 5 | Total comprehensive income for the period [comprising profit /(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 2,519.17 | 1,197.46 | 5,392.89 | 4,494.08 | 9,095.06 |
| 6 | Paid-up equity share capital (Face value of ₹10/- each) | 18,734.00 | 18,734.00 | 18,734.00 | 18,734.00 | 18,734.00 |
| 7 | Reserves (Excluding Revaluation Reserve)as shown in Audited Balance sheet for the previous year | - | - | - | - | 1,13,210.30 |
| 8 | Networth | - | - | - | - | 1,31,944.30 |
| 9 | Debt Equity Ratio (Times) | 0.24 | 0.32 | 0.24 | 0.32 | 0.25 |
| 10 | Earnings per share (Basic & Diluted) (₹) (not annualised) | 1.35 | 0.67 | 2.88 | 2.40 | 4.87 |
| 11 | Debt Service coverage Ratio (Times) | 0.18 | 0.10 | 0.42 | 0.31 | 0.63 |
| 12 | Interest Service Coverage Ratio (Times) | 8.16 | 4.82 | 6.72 | 5.18 | 6.48 |

**B. Consolidated Results** (₹ in Lakh unless otherwise stated)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended | | Period ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 (UnAudited) | 31.12.2023 (UnAudited) | 31.12.2024 (UnAudited) | 31.12.2023 (UnAudited) | 31.03.2024 (Audited) |
| 1 | Total revenue from operations | 23,796.64 | 25,197.53 | 66,353.86 | 66,717.85 | 1,07,267.45 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax, exceptional items and/or extra ordinary items) # | 3,599.63 | 1,891.73 | 7,887.81 | 6,628.73 | 13,095.95 |
| 3 | Share of Profit / (Loss) of Joint Venture | 25.78 | 30.91 | 71.32 | 55.44 | 51.86 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items and/or extra ordinary items) # | 3,625.41 | 1,922.64 | 7,959.13 | 6,684.17 | 13,147.81 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items and/or extra ordinary items) # | 2,552.43 | 1,279.65 | 5,463.78 | 4,543.85 | 9,178.18 |
| 6 | Total comprehensive income for the period [comprising profit /(loss)for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 2,544.95 | 1,228.37 | 5,464.21 | 4,549.52 | 9,146.92 |
| 7 | Paid-up equity share capital (Face value of ₹ 10/- each) | 18,734.00 | 18,734.00 | 18,734.00 | 18,734.00 | 18,734.00 |
| 8 | Reserves (Excluding Revaluation Reserve)as shown in Audited Balance sheet for the previous year | - | - | - | - | 1,13,182.34 |
| 9 | Networth | - | - | - | - | 1,31,916.34 |
| 10 | Debt Equity Ratio (Times) | 0.24 | 0.32 | 0.24 | 0.32 | 0.25 |
| 11 | Earnings per share (Basic & Diluted) (₹)(not annualised) | 1.36 | 0.68 | 2.92 | 2.43 | 4.90 |
| 12 | Debt Service coverage Ratio (Times) | 0.18 | 0.10 | 0.42 | 0.31 | 0.63 |
| 13 | Interest Service Coverage Ratio (Times) | 8.19 | 4.85 | 6.76 | 5.20 | 6.50 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of Quarter and Nine Months Ended 31st December 2024 Financial Results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015. The full format of the Quarter and Nine Months Ended 31st December 2024 Financial Results are available on the Stock Exchange Websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on Company's website (www.midhani-india.in)

2 Consolidated financial results for the Quarter and Nine Months Ended 31st December 2024 include results of Utkarsha Aluminium Dhatu Nigam Limited (JV Company) which have been consolidated under equity method (50% Shareholding).

3 # Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS.

4 The financial results were approved by the Board of Directors at the meeting held on 04th February 2025.


**The detailed financials results can be accessed by scanning the QR code provided below.**

**For Mishra Dhatu Nigam Limited**
**Sd/-**
**N. Gowri Sankara Rao**
**Director (Finance) & Addl. C&MD**
**DIN- 08925899**

**Place: Hyderabad**
**Date: 04.02.2025**



Truhome FINANCE



## Truhome Finance Limited

**(Formerly known as Shriram Housing Finance Ltd.)**

Registered Office: Srinivasa Towers, 1st Floor, Door No. 5, Old No.11, 2nd Lane, Cenotaph Road, Alwarpet, Teynampet, Chennai, Chennai, Tamil Nadu, India, 600018. Tel. No. 044 25341431
Corporate Office: Level 3, Wockhardt Towers, East Wing, Bandra-Kurla Complex, Mumbai - 400 051; Tel : 022-42410400
Website : www.truhomefinance.in; CIN – U65929TN2010PLC078004

**Extract of the Unaudited Financial Results for the quarter ended December 31, 2024** *(₹ in Lakh)*

| Sr. No. | Particulars | Reviewed | Reviewed | Audited |
|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended Dec 31, 2024 | Quarter Ended Dec 31, 2023 | Year ended March 31, 2024 |
| 1 | Total Income from Operations | 51,719.54 | 38,754.92 | 1,42,957.02 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 9,466.46 | 8,197.17 | 29,031.88 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 9,466.46 | 8,197.17 | 29,031.88 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7,272.71 | 6,151.83 | 21,743.47 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 6,515.03 | 6,314.05 | 21,736.87 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 45,832.53 | 33,008.28 | 33,008.28 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 2,87,591.03 | 1,13,465.08 | 1,59,365.15 |
| 8 | Securities Premium Account | 2,01,724.74 | 51,973.08 | 51,973.08 |
| 9 | Net worth | 3,33,423.56 | 1,46,473.36 | 1,92,373.43 |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 10,37,220.00 | 9,19,349.84 | 9,65,493.91 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | NIL | NIL | NIL |
| 12 | Debt Equity Ratio | 3.11 | 6.28 | 5.02 |
| 13 | Earnings Per Share (of ₹10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1 Basic: | 1.92 | 1.88 | 6.62 |
| | 2 Diluted: | 1.91 | 1.87 | 6.61 |
| 14 | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | NA | NA | NA |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA | NA |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA | NA |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the website of BSE Limited and on the Company's website at www.truhomefinance.in
2. For the items referred in Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (LODR Regulations), the pertinent disclosures have been made to BSE Limited and can be accessed at https://www.bseindia.com/ and on the website of the Company at https://www.truhomefinance.in/
3. The Company has adopted financial statements under Indian Accounting Standards ('Ind AS' notified under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Indian Accounting Standard) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standard) (Amendments) Rules, 2016 for the quarter ended December 31, 2024.

For and behalf of the Board of
**Truhome Finance Limited**
(formerly Shriram Housing Finance Limited)
**Subramanian Jambunathan**
Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Date: February 3, 2025

# बाजारों में एक महीने की बड़ी उछाल

## कारोबारी शुल्क लागू करने में अमेरिका की देरी व चीन के नपे-तुले जवाब से निवेशकों का मनोबल सुधरा

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 4 फरवरी



### गुलजार हुए बाजार

- सेंसेक्स 1.8 फीसदी चढ़कर 78,584 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 378 अंकों की उछाल के साथ 23,739 पर टिका
- दोनों सूचकांकों के लिए यह बढ़ोतरी 2 जनवरी के बाद से सबसे बड़ी एकदिवसीय उछाल है
- मंगलवार को एफपीआई 809 करोड़ रुपये के शुद्ध खरीदार रहे जबकि घरेलू संस्थानों ने 431 करोड़ रुपये के शेयर बेचे
- एफपीआई 2 जनवरी के बाद पहली बार शुद्ध खरीदार रहे। दूसरी ओर, डीआईआई 16 दिसंबर के बाद पहली बार शुद्ध विक्रेता रहे

बेंचमार्क सूचकांकों में आज ज्यादातर एशियाई बाजारों की तरह उछाल आई। निवेशकों ने कनाडा और मैक्सिको के खिलाफ कारोबारी शुल्क पर 30 दिन की रोक का स्वागत किया। सेंसेक्स 1.8 फीसदी यानी 1,397 अंकों की बढ़त के साथ 78,584 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 378 अंकों की उछाल के साथ 23,739 पर टिका। दोनों सूचकांकों के लिए यह बढ़ोतरी 2 जनवरी के बाद से सबसे बड़ी एक दिन की उछाल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा से आयात पर अतिरिक्त शुल्क पर फिलहाल रोक लगाने की घोषणा की। इससे निवेशकों को राहत मिली। दोनों देशों ने सीमा पर चौकसी में इजाफे की कोशिशें बढ़ाने का वादा किया है। इससे पहले ट्रंप ने वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं को हवा देते हुए कनाडा और मेक्सिको से आयात पर 25 फीसदी और चीनी सामान पर 10 फीसदी शुल्क लगाया था।

अमेरिकी शुल्कों पर चीन की नपी-तुली प्रतिक्रिया ने निवेशकों को भी आश्वस्त किया जो बातचीत को लेकर आशान्वित हैं। हालांकि चीन ने कई अमेरिकी कंपनियों को संभावित प्रतिबंधों की चेतावनी दी जिससे यूरोपीय शेयरों में गिरावट आई। भारतीय निवेशकों को आशा है कि चीन की तुलना में अमेरिका को कम निर्यात को देखते हुए भारत ट्रंप के कदम से बच जाएगा।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में सुधार के संकेतों ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया। बढ़ते निर्यात और नए ऑर्डरों के कारण जनवरी में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) बढ़कर 57.7 पर पहुंच गया जो दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर 56.4 पर था।

अल्फानीति फिनटेक के सह-संस्थापक यू आर भट्ट ने कहा कि टैरिफ को लेकर अभी भी काफी अनिश्चितताएं हैं। इसी कारण से बाजार में उतारचढ़ाव हो रहा है। टैरिफ लागू करने पर 30 दिन के विराम को सकारात्मक घटनाक्रम माना जा रहा है लेकिन बुनियादी तौर पर कुछ खास नहीं बदला है। हालिया नतीजे अच्छे नहीं रहे हैं।

धीमी आय और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारी बिकवाली की चिंताओं के कारण भारतीय इक्विटी बेंचमार्क में लगातार चार महीनों से गिरावट के शिकार हैं। इस बिकवाली ने कई शेयरों को सस्ता कर दिया है और कई शेयर अपने हालिया उच्चतम स्तर से तेजी से गिरे हैं।

मंगलवार को एफपीआई 809 करोड़ रुपये के शुद्ध खरीदार रहे जबकि घरेलू संस्थानों ने 431 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। एफपीआई 2 जनवरी के बाद पहली बार शुद्ध खरीदार रहे। दूसरी ओर, डीआईआई 16 दिसंबर के बाद पहली बार शुद्ध विक्रेता रहे। मुख्य रूप से बीएसई सूचकांकों को ट्रैक करने वाले पैसिव फंडों द्वारा आईटीसी होटलों में पुनर्संतुलन के लिए घरेलू संस्थानों की बिक्री को जिम्मेदार माना गया।

मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के संस्थापक सौरभ मुखर्जी ने कहा कि हमें अभी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जीडीपी और आय में वृद्धि कुछ और तिमाहियों के लिए मुश्किल होगी और मूल्यांकन ऊंचे बने हुए हैं। हमें नई तेजी को बढ़-चढ़कर नहीं देखना चाहिए। एक अंक में आय वृद्धि के साथ हमारा महंगा बाजार है।

एचडीएफसी बैंक में 2.5 फीसदी का इजाफा हुआ और सेंसेक्स की बढ़त में इसका योगदान सबसे ज्यादा रहा। इसके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज (3.3 फीसदी) और लार्सन ऐंड टुब्रो (4.8 फीसदी) का स्थान रहा। आरआईएल में यह तेजी रिलायंस रिटेल के चीनी फास्ट फैशन दिग्गज शीन के साथ गठजोड़ के बाद आई है, जिसे सरकार के प्रतिबंधों के पांच साल बाद भारत में फिर से लॉन्च किया जाएगा। टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट के शेयरों में 6.4 फीसदी की गिरावट आई, जो निफ्टी में सबसे बड़ी गिरावट वाली कंपनी रही।

निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में क्रमशः 1.6 फीसदी और 1.1 फीसदी की तेजी आई। बाजार में चढ़ने और गिरने वाले शेयरों का अनुपात मजबूत रहा और 2,422 शेयर चढ़े जबकि 1,499 में गिरावट आई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 425 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# कंपनियों में हिस्सेदारी मामले में एफपीआई के करीब डीआईआई

अभिषेक कुमार
मुंबई, 4 फरवरी

कंपनियों की हिस्सेदारी के मामले में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच निवेश का फासला काफी कम रह गया है। दिसंबर 2024 के अंत में इन दोनों के मालिकाना नियंत्रण में अंतर घटकर 33 आधार अंक रह गया। वर्ष 2009 के बाद यह दोनों के बीच सबसे कम अंतर है।

बाजार की चाल पर नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि जनवरी में विदेशी फंडों की भारी बिकवाली के बाद डीआईआई का स्वामित्व संभवतः एफपीआई से अधिक हो गया होगा। पिछले महीने एफपीआई ने 78,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि डीआईआई ने घरेलू शेयरों में 86,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। एफपीआई और डीआईआई के बीच स्वामित्व में अंतर मार्च 2015 में बढ़कर 1,032 आधार अंक तक पहुंच गया था। तब से एफपीआई ने भारतीय शेयरों में अपनी हिस्सेदारी लगातार कम की है। मगर इसके उलट आम लोगों की बचत बाजार में आने, खासकर म्युचुअल फंडों की बढ़ती लोकप्रियता के कारण, से डीआईआई को ताकत मिल गई और वे भारतीय शेयर बाजार में बड़े खिलाड़ी बन गए।

**दिसंबर के अंत में डीआईआई की हिस्सेदारी बढ़कर हो गई 16.9 प्रतिशत**

प्राइम डेटाबेस ग्रुप में प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने कहा, 'भारतीय पूंजी बाजार के लिए यह एक उल्लेखनीय क्षण है। पिछले कई वर्षों से एफआईआई सबसे बड़ी गैर-प्रवर्तक श्रेणी रहे हैं और निवेश से जुड़े उनके निर्णय पूरे बाजार की दिशा पर अच्छा-खास असर डालते रहे हैं।' प्राइम डेटाबेस की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2024 तिमाही के अंत में एनएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में डीआईआई की हिस्सेदारी 16.9 प्रतिशत थी। इस बीच, एफपीआई की हिस्सेदारी कम होकर 12 वर्षों के सबसे निचले स्तर 17.23 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर में समाप्त तीन महीने की अवधि के दौरान घरेलू संस्थानों के 1.86 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी और एफपीआई के 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली के बाद यह बदलाव देखने में आया।

मूल्य के लिहाज से डीआईआई के पास 73.5 लाख करोड़ रुपये मूल्य के शेयर थे जो एफपीआई की तुलना में महज 1.9 प्रतिशत कम थे। एक दशक पहले की तुलना में यह एक महत्त्वपूर्ण बदलाव है। एक दशक पहले डीआईआई के पास जितने शेयर थे, उनका मूल्य एफपीआई की तुलना में आधा था। डीआईआई में मुख्य रूप से म्युचुअल फंड, बीमा कंपनियां और पेंशन फंड आते हैं। बाजार में डीआईआई के बढ़ते प्रभाव में म्युचुअल फंडों की अहम भागीदारी रही है जिन्हें खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बल मिला। दिसंबर 2024 के अंत में भारत के बाजार पूंजीकरण में म्युचुअल फंडों की रिकॉर्ड 10 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

कोविड महामारी के बाद इक्विटी फंडों की दोनों श्रेणियों ऐक्टिव और पैसिव निवेश में भारी तेजी दिखी है। बाजार में उछाल के बीच अधिक रिटर्न देने वाले दूसरे साधनों के अभाव में म्युचुअल फंडों के साथ 3 करोड़ से अधिक नए निवेशक जुड़े। दिसंबर 2019 में सक्रिय इक्विटी एयूएम 7.7 लाख करोड़ रुपये थीं जो दिसंबर 2024 में 31 लाख करोड़ रुपये हो गईं। इसी दौरान सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश 8,518 करोड़ रुपये से बढ़कर 26,459 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

हालांकि, बीमा कंपनियों के स्वामित्व में कमी आई है। उदाहरण के लिए एलआईसी का हिस्सा सितंबर 2024 में 3.59 प्रतिशत था जो दिसंबर में कम होकर 3.51 प्रतिशत रह गया। बीमा कंपनियों की कुल हिस्सेदारी 5.21 प्रतिशत से कम होकर 5.16 प्रतिशत रह गई।

# एल्गो ट्रेडिंग पर सेबी की सख्ती

## बाजार नियामक के नए नियमों से नियामकीय खामियां दूर होंगी, निवेशकों की सुरक्षा में इजाफा होगा

खुशबू तिवारी
मुंबई, 4 फरवरी



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्टॉक एक्सचेंजों के साथ एल्गोरिदम (एल्गो) ट्रेडिंग मुहैया कराने वाला पैनल अनिवार्य कर दिया है। उसने ऐप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) का उपयोग करने के नियमों को भी परिभाषित किया है। नए नियमों का मकसद नियामकीय खामियों को दूर करना और निवेशकों की सुरक्षा में इजाफा करना है।

भारतीय बाजार में संस्थागत और खुदरा निवेशकों के बीच एल्गो ट्रेडिंग पहले से ही चलन में है। हालांकि मौजूदा नियमों में कई खामियां थीं जिससे निवेशकों के लिए जोखिम पैदा हो गया था। द ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स फोरम 1 अप्रैल, 2025 से पहले क्रियान्वयन के मानक तैयार करेगा और नए नियम 1 अगस्त से लागू होंगे। उद्योग के प्रतिभागियों ने कहा कि नया ढांचा अधिक पारदर्शी तरीके से निवेशकों के बड़े वर्ग के लिए एल्गो को ज्यादा सुलभ बना देगा।

एल्गो ट्रेडिंग मुहैया कराने वालों का सेबी सीधे नियमन नहीं करेगा। नए नियमों को एक्सचेंजों के माध्यम से लागू किया जाएगा। एक्सचेंज एल्गो ट्रेडिंग की निगरानी रखेंगे और पैनल में शामिल होने के मानदंड तय करेंगे।

ब्रोकर केवल उन एल्गो ट्रेडिंग मुहैया कराने वालों को शामिल करने में सक्षम होंगे जो एक्सचेंजों के पैनल में होंगे। उन्हें एक्सचेंज से मंजूरी प्राप्त करने और शिकायतों का समाधान करने के साथ-साथ पाबंदी वाली गतिविधियों की निगरानी की भी जरूरत होगी। नए नियमों के तहत ओपन एपीआई की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहचान और पता लगाने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए केवल एक यूनीक वेंडर क्लाइंट के माध्यम से ही पहुंच मुहैया कराई जाएगी।

जो निवेशक अपना खुद का एल्गो विकसित करते हैं, उन्हें प्रति सेकंड सीमा से निर्धारित ऑर्डर अधिक होने पर अपने ब्रोकर के माध्यम से एक्सचेंज के साथ पंजीकरण कराना होगा। इन निवेशकों को निकटतम परिवार के सदस्यों द्वारा अपने एल्गो के उपयोग की अनुमति दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त ब्लैकबॉक्स एल्गो, जो नहीं बताते कि नतीजा कैसा आया- को बाजार नियामक के साथ अनुसंधान विश्लेषक के रूप में पंजीकरण करने की जरूरत होगी। तर्क में किसी भी बदलाव के लिए दोबारा पंजीकरण और विस्तृत शोध रिपोर्ट बरकरार रखने की जरूरत होगी।

एल्गो ट्रेडिंग में कीमतों में परिवर्तन और वॉल्यूम जैसे वेरिएबल से जुड़े पहले से प्रोग्राम किए गए निर्देशों के आधार पर ट्रेड को पूरा करना शामिल है। ये टूल अपनी प्रोग्रामिंग के आधार पर प्रतिभूतियों को स्वतः खरीदने या बेचने के लिए तर्क का उपयोग करते हैं।

एल्गो के परीक्षण के लिए एक्सचेंज मानक परिचालन प्रक्रिया जारी करेंगे और सभी एल्गो ऑर्डर के व्यवहार की निगरानी करेंगे। एल्गो ट्रेड मुहैया कराने वालों को जोड़ने से पहले ब्रोकरों को उचित ड्यू डिलिजेंस यानी जांच परख करने का निर्देश दिया गया है।

सेबी ने कहा कि एल्गो ट्रेड मुहैया कराने वालों और ब्रोकर ग्राहकों से एकत्र किए गए सदस्यता शुल्क और ब्रोकरेज को साझा कर सकते हैं। हालांकि उन्हें सभी शुल्कों का पूरी तरह से खुलासा ग्राहकों को करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हितों का कोई टकराव न हो।

# रक्षा कंपनी एसएमपीपी, ब्रिगेड होटल समेत 8 फर्मों को आईपीओ की मंजूरी

रक्षा उपकरण विनिर्माता एसएमपीपी, ब्रिगेड होटल और पीवीसी ब्लेंड आधारित निर्माण सामग्री बनाने वाली कंपनी कुमार आर्क टेक सहित आठ फर्मों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये संयुक्त रूप से 6,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।

सेबी ने जिन अन्य कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दी है, उनमें सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस, इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज, ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स और प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स शामिल हैं। नियामक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन फर्मों का लक्ष्य कुल मिलाकर 6,500 करोड़ रुपये से अधिक जुटाना है। सेबी को अक्टूबर और नवंबर के बीच इन कंपनियों से आईपीओ लाने के आवेदन मिले थे। इसके लिए 28-31 जनवरी के बीच सेबी ने निष्कर्ष जारी किए। सेबी की भाषा में निष्कर्ष मिलने का मतलब सार्वजनिक निर्गम लाने की अनुमति है।

इस बीच, वाहन कलपुर्जा कंपनी विनी कॉरपोरेशन ने बिना कोई कारण बताए 27 जनवरी को आईपीओ लाने के अपने आवेदन को वापस ले लिया। दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, एसएमपीपी लिमिटेड के 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ में 580 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है। इसके अलावा प्रवर्तक शिव चंद कंसल ने 3,420 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। ब्रिगेड होटल वेंचर्स आईपीओ के जरिये 900 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इस निर्गम से मिली 481 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा 412 करोड़ रुपये कंपनी को तथा 69 करोड़ रुपये इसकी सहायक कंपनी एसआरपी प्रॉसपेरिटा होटल वेंचर्स लिमिटेड को आवंटित किए जाएंगे।

कुमार आर्क टेक के आईपीओ में 240 करोड़ रुपये का नए निर्गम और 500 करोड़ रुपये का ओएफएस शामिल है। सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस के आईपीओ में 550 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 50 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल है। *भाषा*

# शेयर बाजार में आगाज पर फिसला डॉ. अग्रवाल हेल्थकेयर का शेयर

डॉ. अग्रवाल हेल्थकेयर का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। लेकिन इसकी शुरुआत सुस्त रही। अंत में यह आईपीओ कीमत से मामूली नीचे बंद हुआ। 413 रुपये के उच्चस्तर और 370 रुपये का निचला स्तर छूने के बाद यह 401.6 रुपये पर बंद हुआ जबकि इश्यू प्राइस 402 रुपये थी। संस्थागत निवेशकों की बोली के दम पर कंपनी का 3,027 करोड़ रुपये का आईपीओ कामयाब रहा। अमीर और खुदरा श्रेणी के लिए आरक्षित शेयरों को कम बोली मिली और इनका करीब 40-40 फीसदी हिस्सा अनबिका रह गया। डॉ. अग्रवाल के 3,027 करोड़ रुपये के आईपीओ में 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी हुए। आखिरी बंद भाव पर कंपनी का मूल्यांकन 12,684 करोड़ रुपये बैठता है।

### आईटीसी होटल्स हुई सेंसेक्स से बाहर

मंगलवार को आईटीसी होटल्स के शेयर को बेंचमार्क सेंसेक्स और अन्य बीएसई सूचकांकों से बाहर निकाल दिया गया। आईटीसी से अलग हुई कंपनी को अस्थायी तौर पर सेंसेक्स और कुछ अन्य सूचकांकों का हिस्सा बनाया गया था ताकि पैसिव फंड अपने पोर्टफोलियो को दोबारा संतुलित कर सकें।

बीएसई ने एक नोटिस में जानकारी दी कि आईटीसी होटल्स के शेयर की अलग से ट्रेडिंग 29 जनवरी को शुरू हुई। चूंकि कटऑफ टाइम तक आईटीसी होटल्स के शेयर ने लोअर सर्किट नहीं छुआ। लिहाजा कंपनी को बुधवार को कारोबार शुरू होने से पहले बीएसई के सभी सूचकांकों से हटा दिया गया। लक्जरी होटल की परिचालक के शेयर का आखिरी बंद भाव 165 रुपये रहा यानी उसमें 4.2 फीसदी की गिरावट आई और कुल 700 करोड़ रुपये के शेयरों का कारोबार हुआ।

इंडेक्स ट्रैक करने वालों को एक्सचेंज से इसे निकाले जाने के कारण करीब 400 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री करनी पड़ी। आईटीसी होटल्स को एनएसई निफ्टी से निकाले जाने के बाद 700 करोड़ रुपये की बिकवाली और हो सकती है। *बीएस*

# एनएसई के राजस्व में पिछली तिमाही के मुकाबले 3.5 फीसदी की गिरावट

द नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार को कहा कि उसका एकीकृत राजस्व दिसंबर 2024 में समाप्त तिमाही में क्रमिक आधार पर 3.5 फीसदी की गिरावट के साथ 4,349 करोड़ रुपये रह गया क्योंकि इंडेक्स डेरिवेटिव पर नई पाबंदियां लागू होने से ट्रेडिंग वॉल्यूम प्रभावित हुआ। इसके परिणामस्वरूप लेनदेन शुल्क भी क्रमिक आधार पर 4 फीसदी घट गया। हालांकि एक्सचेंज का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 94 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 3,834 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। लाभ में खासी उछाल की मुख्य वजह प्रोटेम ई-जीओवी टेक्नोलॉजिज में अपनी हिस्सेदारी बिक्री से मिला 1,155 करोड़ रुपये का विशेष लाभ है। *बीएस*




31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिसरी तिमाही और नौ महीने के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

₹ in lakhs (except per share data)

| क्रम संख्या | विवरण | तिमाही का अंत | | | नौ महीने का अंत | | वर्ष का अंत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | कुल आय | 1,03,011 | 66,274 | 90,208 | 2,48,357 | 2,13,352 | 2,80,655 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद और/या असाधारण वस्तुओं से पूर्व) | 6,974 | (5,799) | 3,688 | 2,107 | (7,851) | (13,050) |
| 3 | कर से पूर्व की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवाद और/या असाधारण वस्तुओं के बाद | 6,974 | (5,799) | 3,688 | 2,107 | (7,851) | (13,050) |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवाद और/या असाधारण वस्तुओं के बाद | 7,163 | (5,651) | 2,823 | 2,726 | (5,784) | (9,676) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [(कर के बाद) की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और (कर के बाद) अन्य व्यापक आय सहित] | 7,153 | (5,849) | 2,817 | 2,534 | (5,857) | (9,612) |
| 6 | भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी (₹10 प्रति शेयर का अंकित मूल्य) | 1,980 | 1,979 | 1,978 | 1,980 | 1,978 | 1,978 |
| 7 | पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाए अनुसार रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व के सिवाय) | | | | | | 72,721 |
| 8 | (₹10/- प्रति) शेयर कमाई (वार्षिकृत नहीं है) | | | | | | |
| | (क) मूल (₹) | 36.18 | (28.57) | 14.28 | 13.77 | (29.25) | (48.93) |
| | (ख) तरल (₹) | 35.82 | (28.57) | 14.20 | 13.63 | (29.25) | (48.93) |

ध्यान दें:
उपरोक्त जानकारी तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का अंश है, जिसे SEBI (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवष्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में भरा जाता है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की www.nseindia.com/www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.vmart.co.in पर उपलब्ध है।

इन वित्तीय परिणामों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में निर्दिष्ट अनुसार कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के तहत सूचित अनुसार भारतीय लेखा मानक ('Ind-AS') के अनुसरण में तैयार किया गया है।

उक्त वित्तीय परिणामों की जाँच लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और इसकी मंजूरी 4 फरवरी 2025 को आयोजित कंपनी के बोर्ड निदेषकों की बैठक में दी गई है।

कृते और **वी—मार्ट रिटेल लिमिटेड** के बोर्ड निदेषकों की ओर से
अद्योहस्ताक्षरी/—
**ललित अग्रवाल**
प्रबंध निदेषक
**DIN: 00900900**

**स्थानः** गुरूग्राम
**दिनांकः** 4 फरवरी, 2025

**वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय- 610-611, गुरू राम द्वास नगर, मेन मार्केट, SBI बैंक के सामने, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली -110092
कॉर्पोरेट कार्यालय- प्लॉट नं. 862, उद्योग विहार इंडस्ट्रियल एरिया, फ़ेज-V, गुरूग्राम-122016
टेलीः 0124-4640030; फैक्सः 0124-4640046; ईमेलः cs@vmart.co.in; वेबसाइटः www.vmart.co.in; CIN-L51909DL2002PLC163727

# ट्रांसफर प्राइसिंग के बदलाव अगले तीन महीने में होंगे स्पष्ट

मोनिका यादव, देव चटर्जी और जेडन मैथ्यू पॉल
नई दिल्ली/मुंबई, 4 फरवरी

केंद्रीय बजट 2025-26 में ट्रांसफर प्राइसिंग रेगुलेशन के प्रस्तावित बदलावों के संबंध में सरकार अगले तीन महीने में स्पष्टीकरण दे सकती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर अनुपालन का बोझ कम करने के लिए बजट में ट्रांसफर प्राइसिंग के लिए ब्लॉक मूल्यांकन तंत्र का प्रस्ताव किया गया है ताकि वैश्विक परिपाटी के मुताबिक तीन साल के लिए कर व्यवस्था में स्थिरता रहे। इस नजरिये के तहत एक जैसे सौदों के लिए अतिरिक्त दो साल तक पूर्वनिर्धारित आर्म लेंथ प्राइस (एएलपी) लागू रहेगी।

ट्रांसफर प्राइसिंग से मतलब एक ही बहुराष्ट्रीय फर्म की दो इकाइयों के बीच लेनदेन में लगाए गए वास्तविक मूल्य से है। चूंकि अलग-अलग देशों में कर दरें अलग-अलग होती हैं, इसलिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को ट्रांसफर प्राइस तय करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है ताकि उनके समूह की कुल कर देयता कम से कम हो।

अधिकारी ने कहा, 'हम तीन महीने के भीतर समान तरह के लेनदेन के निर्धारण पर स्पष्टता जारी करेंगे। हम यह भी स्पष्ट करेंगे कि क्या ऐसे लेनदेन पर विवाद किया जा सकता है।' वित्त वर्ष 2025 में शामिल यह प्रस्तावित संशोधन संसद से पारित होने के बाद अगले साल 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो सकता है।

फिलहाल, आयकर अधिनियम की धारा 92 से 92 एफ के तहत हरेक लेनदेन के लिए एएलपी हर वित्त वर्ष के लिए अलग से निर्धारित की जाती है, जिससे आमतौर पर एक जैसे लेनदेन के लिए बार-बार मूल्यांकन करना पड़ता है। नतीजतन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अनुपालन लागत बढ़ी हुई है और ट्रांसफर प्राइसिंग अधिकारियों पर काम का बोझ भी बढ़ा रहता है। प्रस्तावित ढांचे के तहत करदाताओं के पास आयकर विभाग द्वारा तय की गई बहु वर्षीय एएलपी निर्धारण प्रक्रिया अपनाने का विकल्प होगा।

# रेलिगेयर मामले में सलूजा को राहत देने से अदालत का इनकार

खुशबू तिवारी
मुंबई, 4 फरवरी

**इससे सालाना आम बैठक का रास्ता साफ हुआ और बर्मन की खुली पेशकश पूरी हो पाएगी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की एक्जीक्यूटिव चेयरपर्सन रश्मि सलूजा को राहत देने से इनकार कर दिया। सलूजा ने 7 फरवरी को होने वाली सालाना आम बैठक में उनकी जगह नए निदेशक की नियुक्ति वाले प्रस्ताव के खिलाफ अदालत में अर्जी दी थी।

रोटेशन के हिसाब से रिटायर होने वाली सलूजा ने तर्क दिया कि उनकी नियुक्ति पांच साल की तय अवधि के लिए हुई थी जो 2028 में समाप्त होनी है। हालांकि अदालत ने कहा कि उन्हें भले ही साल 2023 में पांच साल के लिए नियुक्त किया गया हो। लेकिन बोर्ड बैठक और एजीएम के मिनट्स में विशेष रूप से रोटेशन के मुताबिक रिटायर होने के बारे में साफ-साफ बताया गया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वादी की यह मानना कि वह सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी है, इसे 2025 में पहली बार पेश नहीं की गई है। यह साफ है कि वादी अपने पक्ष में प्रथम दृष्टया मामला स्थापित करने में विफल रही है।

अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि वैधानिक प्रक्रियाओं के अधीन हर शेयरधारक को कंपनी के मामलों में भाग लेने का अधिकार है। अदालत ने कहा कि भागीदारी अनिवार्य रूप से कॉरपोरेट लोकतंत्र का सिद्धांत बनाए रखने के लिए है। शेयरधारकों को सामान्य बैठकों के माध्यम से कंपनी के मामलों को विनियमित और निर्धारित करने की अनुमति दी जानी चाहिए, जो कॉरपोरेट इकाई के भीतर निर्णय लेने के लिए प्राथमिक मंच के रूप में काम करती हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले से सलूजा की जगह नए निदेशक की नियुक्ति पर एजीएम और मतदान का रास्ता साफ हो गया है। उनकी याचिका का कंपनी के चार स्वतंत्र निदेशकों और आरईएल में सबसे बड़े शेयरधारक बर्मन परिवार ने विरोध किया, जिन्होंने अतिरिक्त 26 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक खुली पेशकश शुरू की है। शुक्रवार को बंद होने वाली खुली पेशकश में अब तक केवल 1,668 शेयरों के लिए बोलियां मिली हैं।

सलूजा ने खुद को दोबारा नियुक्ति के लिए पेश किया है और मतदान का नतीजा एजीएम में पता चलेगा। मूल रूप से दिसंबर के लिए निर्धारित एजीएम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष कानूनी कार्यवाही के कारण देरी हुई थी। बाद में एक गैर-शेयरधारक की अर्जी खारिज कर दी गई।

तीन प्रमुख प्रॉक्सी एडवाइजरी फर्मों स्टेकहोल्डर्स एम्पावरमेंट सर्विसेज, इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विसेज और इनगवर्न रिसर्च ने कॉरपोरेट गवर्नेंस, ईसॉप्स और उच्च पारिश्रमिक पर चिंताओं का हवाला देते हुए सलूजा की दोबारा नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव के खिलाफ मतदान की सिफारिश की है।